# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक 01.04.2025

## प्रकाशनार्थ

''कैंसर के रोकथाम में पैलेडियम उत्प्रेरित रसायन अत्यन्त लाभदायक''– डॉ0 गिरिजेश कुमार वर्मा

आज दिनांक 01.04.2025 को दिग्विजयनाथ पी0जी0 कालेज, गोरखपुर के रसायनशास्त्र विभाग द्वारा '' **पैलेडियम उत्प्रेरित संयुग्मन अभिक्रियाओं का औषधि रसायन में उपयोग**'' विषय पर एक अतिथि व्याख्यान आयोजित हुआ। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ0 गिरिजेश कुमार वर्मा सहायक आचार्य, रसायनशास्त्र विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर से उपस्थित हुए। आपने बताया कि पैलेडियम आधारित उत्प्रेरक विभिन्न प्रकार की कार्बनिक अभिक्रियाओं में शामिल होते हैं। जैसे कि एल्केलीकरण , एरिलीकरण, चक्रीकरण, हाइड्रोजनीकरण, आक्सीकरण, क्रॉस युग्मन, रेडिकल प्रतिक्रियाएं आदि। इसका उपयोग आभूषण, दन्त चिकित्सा, घड़ी बनाने, रक्त शर्करा स्ट्रिप्स, विमान स्पार्क प्लग, शल्य चिकित्सा उपकरणों और विघुत सम्पर्कों में भी किया जाता है। इसके अलावा इसका उपयोग कीमोथैरेपी में एवं होम्योपैथी दवा के रूप में सूजन को कम करने के लिए भी किया जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो0 (डॉ0) नित्यानंद श्रीवास्तव ने बताया कि पैलेडियम एक चमकदार धातु है, जिसका उपयोग कई इलेक्ट्रानिक और औद्योगिक उत्पादों के अतिरिक्त औषधि रसायन के निर्माण में किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन रसायनशास्त्र विभाग की प्रभारी डॉ0 प्रतिमा सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रमाशंकर सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभाग से प्रो0 (डॉ0) परीक्षित सिंह, डॉ0 अनिता कुमारी, श्री हिमांशु यादव, डॉ0 नितिश शुक्ला, डॉ0 सूरज कुमार शुक्ला, श्री मूदित दूबे, श्री आनन्द मिश्रा, डॉ0 अनुपमा श्रीवास्तव एवं डॉ0 अनुराधा सिंह एवं रसायनशास्त्र विभाग से डॉ0 मनीष श्रीवास्तव, डॉ0 राजेश सिंह डॉ0 कंचनलता सिंह एवं स्नातक/स्नातकोत्तर रसायनशास्त्र विषय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क